Ans. (c) राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पठानकोट से राजस्थान के श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर से होता हुआ कांदला तक जाता है। इसकी राजस्थान में लम्बाई 878 किमी. है। राष्ट्रीय राजमार्ग-15 राजस्थान भू-भाग में सर्वाधिक लम्बा है।

1621. 'भारतमाला परियोजना' का संबंध किस क्षेत्र से है?

(a) समुद्री सुरक्षा
(b) आदिवासी विकास
(c) महिला सशक्तिकरण
(d) परिवहन

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (d) : भारतमाला परियोजना परिवहन क्षेत्र से संबंधित एक अम्ब्रेला प्रोजेक्ट है। इस परियोजना के तहत माल ढुलाई तथा यात्री परिवहन सहित देश के रोड नेटवर्क को उन्नत किया जायेगा।

1622. किशनगढ़ हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया

(a) अक्टूबर, 2015 को (b) अक्टूबर, 2017 को
(c) अक्टूबर, 2018 को (d) अक्टूबर, 2019 को

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018
कनिष्ठ अभियंता संयुक्त भर्ती परीक्षा -2020
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : किशनगढ़ हवाई अड्डे का उद्घाटन 11अक्टूबर, 2017 को किया गया था। जयपुर, जोधपुर,कोटा, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर के बाद किशनगढ़ राजस्थान का सातवां शहर है जहां हवाई यात्रा सेवा शुरू की गयी।

1623. मार्च 2020 तक राजस्थान में रेलमार्गों की कुल लम्बाई थी?

(a) 5998कि.मी. (b) 5800कि.मी.
(c) 5837कि.मी. (d) 5737कि.मी.

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (a) : मार्च 2020 तक राजस्थान में रेलमार्गों की कुल लम्बाई 5998 किमी. थी। भारतीय रेल देश के कोने-कोने में परिवहन सुविधा प्रदान करने वाली राष्ट्र की जीवन रेखा है।

1624. दिल्ली-जयपुर-अजमेर-उदयपुर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 8 का परिवर्तित नम्बर -

(a) रा. राजमार्ग-12/14
(b) रा. राजमार्ग 48/58
(c) रा. राजमार्ग 11/8
(d) रा. राजमार्ग 15/12

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 का परिवर्तित नम्बर 48/58 है। यह राजमार्ग दिल्ली से जयपुर, अजमेर, उदयपुर होते हुए अहमदाबाद तक जाता है।

1625. राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारत की प्रथम आकस्मिक लैन्डिंग सुविधा (हवाई-पट्टी) का उद्घाटन हाल ही में राजस्थान के किस जिले में हुआ है?

(a) बीकानेर
(b) उदयपुर
(c) बाड़मेर
(d) जयपुर

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं सड़क-परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने 9सितम्बर 2021 को राजस्थान के बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 925-A के गांधव-बाखासर सेक्शन पर आकस्मिक लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया। यह पहली बार था जब किसी राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग भारतीय वायुसेना के विमानों की आकस्मिक लैंडिंग के लिए किया गया।

1626. राजस्थान से गुजरने वाले निम्नलिखित राजमार्गों में से राज्य सीमा में सबसे कम लम्बाई वाला मार्ग कौनसा है-

(a) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 76
(b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 65
(c) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 12
(d) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 11

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (c)दिए गए विकल्पों में से सबसे कम लम्बाई वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-12 है। यह राजमार्ग जबलपुर को जयपुर से जोड़ती है तथा इसकी कुल लंबाई 886 किमी. है, राजस्थान में इसकी कुल लंबाई 400 किमी. है।

1627. राजस्थान में मार्च, 2013 के अन्त तक रेलमार्गों की कुल लम्बाई कितनी थी-

(a) 5784 किमी. (b) 5926 किमी.
(c) 5872 किमी. (d) 6927 किमी.

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान में रेलमार्ग की लंबाई 5872 किमी. थी, 31 मार्च 2020 तक में राज्य में रेलमार्ग की लंबाई 5998 किमी. है। राजस्थान में प्रथम रेल 1874 में आगरा फोर्ट से बांदीकुई तक चलाई गयी थी।

1628. राजस्थान भू-क्षेत्र में सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है-

(a) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11
(b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 15
(c) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 12
(d) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 08

लवण निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018
Jen Maechanical Diploma-2016
Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 की लम्बाई राजस्थान में सर्वाधिक 878 किमी. है। यह राजमार्ग पठानकोट (पंजाब) से कांडला बन्दरगाह तक जाता है।

1629. जयपुर मेट्रो रेल प्रणाली भारत की ऐसी..........प्रणाली है।

(a) छठी (b) सातवीं
(c) आठवीं (d) पाँचवीं

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) जयपुर मेट्रो रेल प्रणाली भारत की छठी मेट्रो रेल प्रणाली है। इससे पहले की मेट्रो रेल प्रणालियाँ - कोलकाता, दिल्ली, बैंगलुरु, गुड़गांव व मुंबई है। जयपुर मेट्रो की वाणिज्यिक सेवा वर्ष 2015 से शुरू हुई।